तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

11 अंचल में होली की धूम, बाजारों में रौनक, हर्बल गुलाल की ...

12 ओटेबंद में 66वां श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव...




## खबर संक्षेप

### 31 पौवा अवैध शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार



**अंडा।** नशा उन्मूलन अभियान के तहत एवं आगामी होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 फरवरी को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध शराब परिवहन करते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी डोमन लाल देशलहरे, निवासी तिलोदा थाना रामचिरई, अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 07 बीवाय 8299 में अवैध रूप से 31 पौवा देसी मदिरा मसाला शराब का परिवहन करते पाए गए। जांच के दौरान शराब जब्त कर ली गई। आरोपी के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। यह पूरी कार्रवाई थाना अंडा प्रभारी पारस राम ठाकुर के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस द्वारा बताया गया कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

### होली पर 4 को शुष्क दिवस घोषित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग ने आदेश जारी कर होली पर्व के अवसर पर 04 मार्च जिस दिन रंग खेला जाएगा को पूरे प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अंतर्गत होली के दिन 04 मार्च जिस दिन रंग खेला जाएगा राज्यभर में शराब की बिक्री, परोसने और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रदेश के सभी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, रेस्टोरेंट–बार, होटल–बार, क्लब, अहाता तथा अन्य सभी लाइसेंसधारी प्रतिष्ठान 04 मार्च को बंद रहेंगे। किसी भी प्रकार की मदिरा बिक्री या परोसने की अनुमति नहीं होगी। गेस्ट हाउस, स्टार होटल और निजी क्लबों में संचालित बार भी इस प्रतिबंध के दायरे में रहेंगे। आदेश में शुष्क दिवस के दौरान निजी भंडारण अथवा गैर–लाइसेंस प्राप्त परिसरों में शराब रखने और बेचने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध भंडारण, परिवहन और विक्रय रोकने के लिए जिला एवं राज्य स्तरीय उड़नदस्तों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध स्थानों और वाहनों की जांच कर दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### तेलघानी विकास बोर्ड की समीक्षा बैठक अब 27 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक अब 27 फरवरी को आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर ने बताया कि पूर्व में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 26 फरवरी को आयोजित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए समीक्षा बैठक का आयोजन 27 फरवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

### प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि डबरापारा उत्तर निवासी जग्गा ढीमर ने शिकायत की थी। डबरापारा शिव मंदिर के पास ओवरब्रिज के नीचे भिलाई तीन निवासी दीपक भारती, पवन भारती डबरापारा ओवरब्रिज के पास रोककर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी धारदार हथियार से हमला किया किया।

# आत्महत्या का मामला विधानसभा में गूंजा, विधायक संगीता ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

थाना पुरूर क्षेत्र में पुलिस प्रताड़ना से ग्राम मिरऍटोला निवासी 55 वर्षीय पुरानिक जोशी के आत्माहत्या की गुंज बुधवार को विधानसभा मे सुनाई दी। गुरूर विकासखण्ड अंतर्गत स्थित पुलिस थाना मिर्रीटोला में पुलिस कर्मीयो द्वारा अवैध वसूली के दबाव के बाद आत्महत्या करने का मामला बुधवार को विधानसभा के शून्यकाल में विधायक संगीता सिन्हा ने उठाया।

21 फरवरी को पुरानिक जोशी के परिवार में भतीजे का जन्मदिन समारोह आयोजित था। इस दौरान पुरानिक जोशी और पूनम जोशी सहित अन्य परिजन घर में शराब सेवन कर रहे थे। आरोप है कि पुरूर थाना से पुलिस मौके पर पहुंची और पुरानिक जोशी सहित कुछ लोगों को वाहन में बैठाकर थाने ले गई।

परिवार का आरोप है कि मामला रफा दफा करने थाना परिसर में तीन पुलिस अधिकारियों द्वारा 30,000 रुपये की मांग की गई तथा रकम न देने पर केस दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी गई। परिजनों के अनुसार 25,000 रुपये दे भी दिए लेकिन शेष 5,000 की राशि के लिए पुलिस कर्मीयो द्वारा कथित अपमान और दबाव से पुरानिक जोशी अत्यंत आहत थे। थाना से उसी रात घर लौटने के बाद पुरानिक जोशी ने फांसी लगाकर ▶▶| शेष पेज 11 पर

## पैसों की मांग की और नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी का आरोप

### बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में, विधायक ने उठाए सवाल

बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने पर विधायक संगीता सिन्हा ने सवाल उठाए है। संगीता सिन्हा ने विधानसभा में शिक्षकों की ड्यूटी विशेष पुनरीक्षण/सर्वे कार्य के लिए बड़ी संख्या में लगाए जाने का मुद्दा उठाया। इस पर विधायक संगीता सिन्हा ने कड़ी आपत्ति जताई।

उन्होंने कहा कि लगभग 18,198 शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर कार्य में लगाई गई है। यह निर्णय ऐसे समय लिया गया है, जब फरवरी माह से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। विधायक ने बताया कि उन्होंने पहले भी यह मांग रखी थी कि शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में न लगाई जाए।



यह यह मांग केवल विधायक की नहीं, बल्कि प्रदेश के शिक्षकों ने सामूहिक मांग की थी कि परीक्षा के दौरान उन्हें अतिरिक्त ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। संगीता सिन्हा ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के समय यदि शिक्षक स्कूल से बाहर रहेंगे, तो कहीं न कहीं सिलेबस अधूरा रह जाएगा, पढ़ाई कर रहे बच्चो के डाउट्स एवं समस्याओ का समाधान समय पर नही होगा और पढ़ाई प्रभावित होगी। अब जबकि बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, ऐसे में यदि परिणाम खराब होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार ▶▶| शेष पेज 11 पर

## प्रतिक्रियाएं

**'संकल्प' थीम पर आधारित है इस वर्ष का बजट**

# छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास का रोडमैप है बजट : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा मे ऐतिहासिक और विकसित प्रदेश की ओर अग्रसर करने वाला बजट है। यह बजट, गांव, गरीब किसान के हित में है। यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास की गति को और तेजी प्रदान करेगा। प्रदेश के सभी क्षेत्रें का संतुलित विकास होगा। भविष्य के अनुरूप कार्य बल तैयार होगा एवं आजीविका के नए अवसर उपलब्ध होंगे।



युवाओं को आधुनिक कौशल से उन्नत कर आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। उक्त बाते वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किए गए भाजपा सरकार के तीसरे बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जनसेवक बालोद के पूर्व नपा अध्यक्ष, छाया विधायक राकेश यादव ने गुरूर में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। राकेश यादव ने कहा पिछले दो बजट के मार्गदर्शी सिद्धांत–ज्ञान–गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी और गति थे, इस वर्ष का बजट संकल्प की ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जनआकांक्षाओं के अनुरूप और दूरदर्शी बजट : कुसुम शर्मा

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट का स्वागत करते हुए इसे जनआकांक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और समृद्ध छत्तीसगढ़ की आधारशिला रखने वाला दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, सुदृढ़ आधारभूत संरचना, मानव संसाधन विकास और अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दर्शाता है। कुसुम शर्मा ने कहा कि बजट राज्य की नीतियों को परिणामों में बदलने और आम नागरिक की आकांक्षाओं को उपलब्धियों में परिवर्तित करने का रोडमैप है। यह प्रधानमंत्री की गारंटी को साकार करने तथा वर्ष 2047 तक विकसित राज्य के लक्ष्य की दिशा में ठोस पहल है।



### ज्ञान और गति का समन्वय

मंडल अध्यक्ष ने बजट को 'ज्ञान' और 'गति' का संगम बताते हुए कहा कि कृषक उन्नति योजना और सिंचाई परियोजनाओं के लिए विशेष प्रावधान किसानों की समृद्धि के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। बिना नए कर लगाए राजस्व वृद्धि तथा समय पर इनपुट सब्सिडी देना सराहनीय कदम है। युवाओं के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन और एआई आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा देने की पहल भविष्य उन्मुख सोच को दर्शाती है। प्रशासन, कृषि, स्वास्थ्य और उद्योग में एआई के उपयोग को प्रोत्साहन राज्य को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में 'महतारी ▶▶| शेष पेज 11 पर



### बजट में किसानों, मजदूरों और मिडिल क्लास के लिए कुछ भी नही- ताम्रध्वज साहू

**अंडा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पेश किए गए बजट पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बजट को 'बेहद अस्पष्ट' करार देते हुए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट किसानों, मजदूरों, युवाओं और शहर के मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता।



साहू ने कहा, इस बजट में खेतिहर किसानों, मजदूरों और शहरी मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। रोजगार सृजन, शिक्षा, सिंचाई और युवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चुप्पी साध ली गई है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि कई घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और जमीनी स्तर पर इनका कोई असर नजर नहीं दिखाई देता। पूर्व गृहमंत्री ने सरकार के पुराने वादों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में किए वादों जैसे रोजगार सृजन, सरकारी भर्तियां और युवाओं के लिए योजनाओं पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। लोगों की बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन बजट में इसका कोई समाधान नहीं दिखता।

# राइस मिल से एक सप्ताह में दूसरी बार धान की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

थाना अर्जुंदा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खुरशुल में धान चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वहां स्थित मां अन्नपूर्णा राइस मिल में एक सप्ताह के अंदर लगातार दूसरी बार धान चोरी किया गया है।

- बिजली बंद होते ही चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

बीते 19 फरवरी को गुरुवार को बिजली बंद होने का फायदा उठाते हुए लगभग 150 धान की बोरी चोरी किया गया था, जिसे खेत एवं परकोटे के बाहर ले जाकर ले गए थे और कुछ धान की बोरी जो खेत एवं परकोटे के पास छूटा हुआ था। उसको देखकर अंदाजा लगाया गया था की राइस मिल में धान की चोरी हुआ है। उसके पश्चात थाना अर्जुंदा और बालोद साइबर की टीम इस चोरी को पकड़ने का प्रयास किया, किंतु उनको सफलता ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जल्द पकड़े जाएंगे

इसके पश्चात राइस मिल मालकिन व थाना अर्जुंदा को तत्काल सूचित किया गया। उसके पश्चात थाना अर्जुंदा स्टाफ वहां पहुंचे और निरीक्षण किया। जहां तक बात थाना अर्जुंदा की पुलिस टीम का है। उनके द्वारा तत्परता पूर्वक कार्य नहीं कर रहे हैं और चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उनको किसी भी प्रकार से कोई भय नहीं है। इसी कारण से तो मेरे राइस मिल में लगातार दूसरी बार भी चोरी हो गया है और आज जो चोरी हुआ है उसमें एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी मिला है। किंतु थाना अर्जुंदा पुलिस के द्वारा समाचार लिखने तक इन दोनों वाहनों को ना जप्त किया है और ना ही वाहन मालिकों को अभी तक गिरफ्तार क्या है। थाना अर्जुंदा से जानकारी लेने पर उनके द्वारा जानकारी दिया गया कि अभी हम दो व्यक्तियों से पूछताछ कर रहे हैं। जल्द ही सारे चोर पकड़े जाएंगे।

# नकदी व जेवरात से भरा बैग मिला, आरक्षक ने लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सड़क में लावारिस हालत में ड्यूटी में तैनात आरक्षक को नगदी सहित सोने के जेवरात से भरा बैग मिला, जिसके बाद आरक्षक ने इसकी जानकारी अपनी उच्च अधिकारियो को दी एवं उक्त बैग के मालिक का पता लगाकर उक्त महिला को बैग सौपा। आरक्षक के ईमानदारी एवं कर्तव्य परायणता की प्रशंसा की जा रही हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शिकारीपारा के पास पुलिस को उक्त पैसे व जेवरात से भरा बैंग मिला, जिसमे उक्त महिला का पैन कार्ड भी था। जिसके जिसके माध्यम से पुलिस ने उक्त महिला से संपर्क कर उस बैंग को लौटाया। जहां कुंदरुपारा निवासी सरिता ठाकुर ने बताया कि जल्दबाजी में स्कूटी से बैग गिर गया था। बैग में 30 हजार के मोबाइल, 50 हजार के सोने के जेवरात, एटीएम थे। बालोद थाने में पदस्थ आरक्षक चंद्रभान ने बताया कि ड्यूटी के दौरान बैग मिलने के बाद इसकी जानकारी आरआई को दी। जिसके बाद संबंधित महिला को सुपुर्दनामा किया गया।

- महिला ने बताया जल्दबाजी में स्कूटी से बैग गिर गया था

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** नगर गुरूर के गुलमोहर कॉलोनी में नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली। जहां दोपहर का खाना खाने पहुंचे पति को इसकी जानकारी हुई। मिली जानकारी के अनुसार नवविवाहिता मिनाक्षी 28 वर्ष अपने पति नवीन कुमार के साथ नगर के गुलमोहर कॉलोनी में किराए के मकान में निवास करती थी। जहां दोपहर को महिला का पति खाना खाने आया तो अंदर से दरवाजा बंद था, जिसके बाद महिला के पति द्वारा आवाज देने पर भी दरवाजा ना खुलने पर आस पास के लोगों की मदद से अंदर गए, जहां मकान अंदर जाने पर महिला का शव फांसी पर झुलते मिला। जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई, जहां पुलिस के पहुचने पर शव को फांसी के फंदे से उतारकर पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का पीएम होने के बाद परिजनो को सौप दिया।

मिली जानकारी के अनुसार महिला का पति नगर के रजिस्टार ऑफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर है तथा पति के ऑफिस जाने के बाद ही महिला के इस तरह के कदम उठाने की आशंका है। वही पुलिस महिला द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया। इसकी जांच की जा रही है। पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की महिला ने इस तरह के कदम क्यो उठाए।

# एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक, कब्जा हटाने मिला तीन दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद नूतन कंवर द्वारा नगर में अतिक्रमण के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें झलमला मुख्य चौक से पर्यावरण पार्क तक राष्ट्रीय राजमार्ग 930 सड़क के दोनों ओर विभिन्न अतिक्रमणकारियों द्वारा किये गये कब्जे को हटाने के संबंध में चर्चा की गई।

- बैठक में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और व्यापारी संघ रहे उपस्थित

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष हरीश सांखला सहित अन्य गणमान्य नागरिकों से विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि अतिक्रमण हटाने के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा चिन्हित अतिक्रामकों सहित अन्य अतिक्रामकों को मुनादी कराया जाकर तीन दिन में स्वतः अपना कब्जा हटाये जाने का आग्रह किया जावे। इसके बाद नियमानुसार बलपूर्वक कब्जा हटाये जाने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नया बस स्टैण्ड परिसर में लंबे समय ▶▶| शेष पेज 11 पर



**ये रहे मौजूद**

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग अनिल छारी, तहसीलदार आशुतोश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोबिन अली, यातायात प्रभारी रविशंकर पाण्डेय, उप निरीक्षक कमला यादव, झलमला सरपंच चुम्मन ठाकुर, सिवनी सरपंच बहुर सिंह नेताम, पार्शद आशा पटेल, विनोद शर्मा, राजस्व निरीक्षक दयालु सागर, संध्या वर्मा, पटवारी आशीश शर्मा, टुमन बघेल, बबीता मण्डावी, पंचायत सचिव संतोशी सोनकर, रमेश निशाद सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 1172 आयुष संस्थाओं में अव्वल रहा डुंडेरा केंद्र

# कायाकल्प 2024 में डुंडेरा आयुष औषधालय को संभाग में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में बालोद जिले ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय, डुंडेरा को उसकी उत्कृष्ट सेवाओं और बेहतर प्रबंधन के लिए कायाकल्प 2024 के तहत दुर्ग संभाग में प्रथम स्थान से पुरस्कृत किया गया है।

- स्वास्थ्य मंत्री ने डुंडेरा औषधालय की टीम को किया सम्मानित

विगत दिनों राजधानी रायपुर में आयोजित समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डुंडेरा औषधालय की टीम को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। कायाकल्प 2024 के तहत प्रदेश भर की 1172 आयुष संस्थाओं ने हिस्सा लिया था। इसके तहत स्वच्छता, रोगी संतुष्टि, औषधियों की उपलब्धता और उपचार की गुणवत्ता जैसे कड़े मानकों पर खरा उतरते हुए डुंडेरा औषधालय ने दुर्ग संभाग की सभी संस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस केंद्र की सफलता का मुख्य आधार यहां मिलने वाली उच्च स्तरीय सुविधाएं हैं, जो ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की परिभाषा बदल रही है। यहां अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क आयुर्वेद परामर्श के साथ ही जटिल और पुराने रोगों का सटीक निदान। शासन द्वारा निर्धारित शुद्ध और प्रभावकारी आयुर्वेदिक दवाओं की निरंतर उपलब्धता। शरीर के शुद्धिकरण के लिए पंचकर्म एवं प्राकृतिक ▶▶| शेष पेज 11 पर



### आयुष विभाग की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष : कलेक्टर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में आयुष विभाग की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि डुंडेरा औषधालय ने यह साबित किया है कि समर्पण और टीम भावना से ग्रामीण क्षेत्रें में भी बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकती हैं। यह जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उल्लेखनीय है कि डुंडेरा औषधालय के केंद्र के प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलराम अग्रवाल, फार्मासिस्ट उत्तम नेताम, औषधालय सेवक नंदलाल निराला और शौभित राम नायक की कड़ी मेहनत से डुंडेरा औषधालय को यह उपलब्धि हासिल हुई है, यह टीम अन्य औषधालयों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

हरिभूमि
कायलिय कांकेर में भर्ती
पत्रकारिता के क्षेत्र में सुनहरा अवसर
रिक्त पद
सीनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 3-4 वर्ष का अनुभव अनिवार्य
जूनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 1-2 वर्ष का अनुभव आवश्यक
संपर्क करें - 7000955574

### लंबी जांच प्रक्रिया एवं वसूली नोटिस के बाद विभाग ने उठाया कड़ा कदम

# स्वास्थ्य से खेल, लाखों की गड़बड़ी करने वाले सीएमओ वर्मा सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कबीरधाम में नपा सीएमओ रहते गरीब बस्तियों में रहने बसने वालों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले नरेश वर्मा को आखिरकार विभाग ने सस्पेंड कर दिया हालांकि अभी उनकी पदस्थापना बेमेतरा नपा में है, लेकिन लंबी जॉच प्रक्रिया, वसूली नोटिस के बाद आखिरकार विभाग ने कड़ा कदम उठाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर जेडी आफिस दुर्ग अटैच कर दिया है।

जानकरी अनुसार सूडा ने जून 25 मे कवर्धा सीएमओ के रूप में काम करने के दौरान सीएमओ नरेश वर्मा को सीएम शहरी स्लम योजना तहत दवा खरीदी, वितरण और भुगतान प्रक्रिया में वित्तीय हानि के लिए प्रथमदृष्टया दोषी पाते हुए 20 लाख 80 हजार 380 रूपयों की वेतन से वसूली का पत्र जारी किया था जिसके बाद संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने सूडा से मिले दस्तावेजों की विशेषज्ञ टीम से जॉच कराई जिन्होंने दिसंबर 25 को अवर सचिव को प्रेषित अभिमत में लिखा है कि कार्य संचालन सेवा प्रदाता कंपनी पर अर्थदंड की राशि अधिरोपित नही करने से 25 लाख 91 हजार 500 रूपयों की हानि दर्शित है जबकि कबीरधाम जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा 10 जनवरी 22 को जारी पत्र अनुसार पेनाल्टी काटा जाना था। जॉच समिति ने पाया कि कबीरधाम के तत्कालीन सीएमओ नरेश वर्मा ने एमएमयू संचालन एजेंसी को अधिक राशि का भुगतान किया है इसलिए उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कारवाई के अलावा अधिक राशि भुगतान को लेकर एफआईआर कराया जाना चाहिए लेकिन विभाग ने जॉच समिति के प्रस्ताव को दरकिनार करते हुए नियमों के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

#### वसूली के लिए 6 महीने पहले सूडा ने किया था पत्र जारी

कवर्धा नगर पालिका में सीएमओ के रूप में कार्य करने के दौरान नरेश वर्मा पर सीएम स्लम स्वास्थ्य योजना के नोडल अधिकारी होते हुए स्लम स्वास्थ्य योजना जैसे जनहितकारी प्रोजेक्ट के क्रियांवयन दौरान पीएमयू द्वारा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर दवा खरीदी, वितरण और भुगतान में पारदर्शिता के अभाव में 2 लाख 13 हजार 497 रूपयों का अपव्यय, थर्ड पार्टी आडिट एजेंसी व एरिया मैनेजर द्वारा एमएमयू संचालन एजेंसी पर 17 लाख 7 हजार 880 रूपए और 6 लाख 500 रूपए कुल 23 लाख 8 हजार 380 रूपयों की वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई थी जिसमें से मात्र 2 लाख 28 हजार रूपए अधिरोपित करना पाया गया जबकि शेष राशि लगभग 23 लाख जॉच के दौरान अधिरोपित करना नही पाया गया। राज्य शहरी विकास अभिकरण ने योजना क्रियांवयन में पारदर्शिता का अभाव, वित्तीय अनियमितता को सेवा शर्तों के अधीन कदाचरण की श्रेणी और दायित्व निर्वहन मे लापरवाही साथ उदासीनता का परिचायक मानते हुए उक्त कृत्य को करने का कारण स्पष्ट करने कहा वही प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया कि समय सीमा के भीतर प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नही पाए जाने की स्थिति में पर वित्तीय हानि की वसूली सीएमओ नरेश वर्मा के वेतन अथवा राजस्व वसूली नियमों के प्रावधान तहत किया जाएगा। जांच रिपोर्ट मुताबिक अफसरशाही के इस खेल से सरकारी खजाने को तगड़ा झटका लगा और यह साफ तौर पर वित्तीय अनियमितता और कदाचार की श्रेणी में आता है।

#### पूर्व जिला भाजपा महामंत्री ने उठाई आवाज

मामले का पूर्व जिला भाजपा महामंत्री रामाधार रजक ने खुलासा किया था। उन्होंने प्रकरण संज्ञान में आने के बाद विभागीय अधिकारियों व सरकार के मुखिया तक इस गड़बड़झाले की जानकारी दी जिसके बाद पहले सूडा एक्शन में आया। नरेश वर्मा के खिलाफ बीस लाख से उपर की राशि वसूली का पत्र जारी किया बाद में नगरीय प्रशासन विभाग ने भी मामले की सूडा के विशेषज्ञों से जॉच कराई जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से नरेश वर्मा को वित्तीय हानि का दोषी पाते हुए कठोर अनुशासनात्मक कारवाई के अलावा एफआईआर कराया जाना सही बताया था। रामाधार रजक ने बताया कि सीएम के जनकल्याणकारी योजना के क्रियांवयन सरकारी अधिकारी की लापरवाही की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों सहित सरकार से लगातार पत्र व्यवहार किया, मुलाकात की जिसके बाद अब सरकारी राशि का अनुचित उपयोग करने वाले के खिलाफ सस्पेंशन की कारवाई की गई है।

# प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा नगर पंचायत गंडई

### सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार देने से कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जिला बने तीन वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन गंडई क्षेत्र आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर खड़ा नजर आ रहा है। जिला स्तरीय सुविधाएं मिलना तो दूर, शासन के हालिया फैसलों ने नगर पंचायत गंडई की प्रशासनिक व्यवस्था को और भी कमजोर कर दिया है। वर्तमान में गंडई नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अविनाश देवांगन को जिला मुख्यालय खैरागढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के कारण गंडई का स्थानीय कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

वार्ड नंबर 15 के पार्षद दिलीप आगरे ने व्यवस्था पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार मिलने के बाद गंडई का कार्यालय केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि सीएमओ मुख्यालय में निवास नहीं करते और अपने घर से आना-जाना करते हुए सप्ताह में बमुश्किल दो दिन ही कार्यालय में उपस्थित रहते हैं। उसमें भी उनके आने और जाने का समय निर्धारित नहीं रहता। यही हाल निकाय के इंजीनियर का भी है, जो गंडई में क्वाटर उपलब्ध होने के बावजूद दोपहर 1 बजे कार्यालय आते हैं और शाम 4 बजे निकल जाते हैं। पार्षद ओगरे ने इसे शासन की एक सोची-समझी साजिश करार देते हुए कहा कि गंडई में कांग्रेस का अध्यक्ष होने के चलते निकाय की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।

#### कार्य पेंडिंग, पार्षदों में गहरा असंतोष


वार्ड नंबर 11 के पार्षद यतीश कुंजाम और वार्ड नंबर 5 के पार्षद अमन सोनी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि सीएमओ की अनुपस्थिति के कारण वार्डों के छोटे-बड़े जरूरी कार्य कई दिनों तक लंबित रहते हैं। अमन सोनी ने कहा कि जनता ने हमें चुनकर भेजा है, लेकिन जब हम लोगों की समस्याओं को लेकर नगर पंचायत जाते हैं, तो वहां अधिकारी ही नहीं मिलते। इससे आम नागरिकों के महत्वपूर्ण कागजी कार्य और विकास परियोजनाएं पेंडिंग पड़ी हैं।

#### प्रशासनिक अमला दुरूस्त करने की मांग

इसी क्रम में वार्ड नंबर 1 के पार्षद तामेश्वर साहू ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गंडई में प्रशासनिक अमले को तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी को दो महत्वपूर्ण निकायों का जिम्मा देने से गंडई के हित प्रभावित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कबीर मठ नादिया में संत सम्मेलन 28 से



**खुज्जी।** कबीर मठ नादिया में श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन 28 फ़रवरी से 2 मार्च तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में साध्वी सुश्री सुमेधा साहेब देवरी, संत डॉ हरीश साहेब पटना, डॉ. भागीरथी साहेब वाराणसी, रतनस्वरूप साहेब पुर्णिया एवं महंत लेखचंद साहेब मुरमुंदा शामिल होंगे। प्रथम दिवस प्रातः 9 बजे गुरु महिमा एवं बीजक पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। दीप प्रज्जवलन के बाद संतो का उदबोधन होगा। दूसरे दिन सत्संग एवं भजन होगा। तृतीय दिवस प्रथम सत्र में सत्संग प्रवचन तथा द्वितीय सत्र में सात्विक ज्ञान यज्ञ चौका आरती संपन्न होगा।

### कैशलेस चिकित्सा के लिए प्राचार्य ने जताया आभार



**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ प्राचार्य संघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला के प्रयास से शासन ने अपने बजट में कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा को शामिल किया। यह निर्णय कर्मचारी और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। बजट में सर्वाधिक राशि स्कूल शिक्षा विभाग के लिए एवं खैरागढ़ जिला में नालंदा परिसर स्थापना किया जाना अति महत्वपूर्ण कदम है जिसका स्वागत करते हुए छग प्राचार्य संगठन के अनिल पाल प्राचार्य मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# प्रज्ञा वैष्णव बनीं न्यायाधीश, खुशी की लहर

- कोहलाटोला की बेटी ने जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



कोहलाटोला की बेटी प्रज्ञा वैष्णव का व्यवहार न्यायाधीश के पद पर चयन हुआ है। उसके चयन से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

छुईखदान से लगे हुए ग्राम के स्व गंगादास वैष्णव की पोती एवं अधिवक्ता भरत दास वैष्णव की पुत्री प्रज्ञा के चयन से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

ग्रामवासियों का कहना है कि कोहलाटोला शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है और यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं।

#### सबसे शिक्षित ग्राम

कोहलाटोला को क्षेत्र का सबसे शिक्षित ग्राम माना जाता है। यहां से सैकड़ों लोग शिक्षक, पटवारी, आरआई, पंचायत सचिव, वकील, खाद्य निरीक्षक, डिप्टी कलेक्टर, प्राचार्य सहित अन्य प्रशासनिक पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। अब प्रज्ञा वैष्णव के न्यायाधीश बनने से गांव को एक नई पहचान मिली है।

#### वैष्णव समाज करेगा सम्मान

इस उपलब्धि पर जिला वैष्णव समाज के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि समाज की बेटी ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। समाज द्वारा शीघ्र ही एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर प्रज्ञा वैष्णव को सम्मान किया जाएगा। प्रेस क्लब के सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, दीपक देशमुख, संजय शर्मा, नीलम वैष्णव, महेंद्रसिंह, अनिल यादव, सन्नी महोबिया, अंकित महोबिया, विक्रम राजपूत, दीनू यदु, देवेश सोनी, शैलेन्द्र तिवारी, दीपक जैन ने प्रज्ञा को बधाई दी है। प्रज्ञा ने बताया कि वह अपने पिता को वकालत करते देखकर न्यायधीश बनने की कल्पना की थी जो साकार हुआ है। उन्होंने इसके लिए अपने माता पिता और ग्रामवासियों को श्रेय दिया है।

# दो दर्जन बसों में 1500 श्रद्धालु रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सामाजिक समरसता और आस्था के प्रतीक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की पावन जन्मस्थल गिरौदपुरी धाम के दर्शन के लिए जिला भाजपा कार्यालय से भव्य तीर्थयात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा के लिए 24 बसों में लगभग 1500 श्रद्धालु व सामाजिक बंधु रवाना हुए। ज्ञात हो कि इसी समय में गिरौदपुरी में भव्य रूप से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें यह सभी श्रद्धालु शामिल हो सके। बसों को जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल ने श्वेत झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय राय, महामंत्री योगेश बंजारे, दादूराम सोनकर, रवि सिन्हा, सुमित भाटिया, तरूण लहरवानी, चिंटू सोनकर, पार्षद केवरा राय, खेमिन यादव, मणिभास्कर गुप्ता, कमलेश प्रजापति, अरुण शुक्ला सहित अन्य सामाजिक एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंगबोरा, ग्वालगुंडी में ग्रिड से बिजली सप्लाई, मिलेगी राहत



**छुईखदान।** विकासखंड के दूरस्थ ग्राम सिंगबोरा एवं ग्वालगुंडी में पहली बार परंपरागत ग्रिड कनेक्टिविटी के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई है। जिससे दोनों गांवों में खुशी का माहौल है।

यह कार्य प्रबंध संचालक भीमसिंह कंवर, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलेट तथा अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया।

वर्षों से विद्युत सुविधा से वंचित ग्रामीणों के घर अब रोशनी से जगमगा उठे हैं। ग्रिड कनेक्टिविटी मिलने से घरेलू कार्यों में सुगमता आएगी, वहीं बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य सेवाओं और छोटे व्यवसायों को भी नई गति मिलेगी। ग्रामीणों ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव में पंखे, टीवी, मोबाइल चार्जिंग जैसी मूलभूत सुविधाएं सहज उपलब्ध होंगी, जिससे जीवन स्तर में सुधार होगा। भविष्य में स्वरोजगार एवं लघु उद्योगों की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# प्रशिक्षण से बदली तकदीर



**छुईखदान।** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के ग्राम जीराटोला निवासी केशलाल मंडावी एक मेहनती और प्रगतिशील किसान हैं। उनके पास कुल 4 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे वर्षों से खरीफ मौसम में धान तथा रबी मौसम में चना की खेती करते आ रहे थे।

पूर्व में वे पारंपरिक पद्धति से खेती करते थे, जिसके कारण उन्हें अपेक्षित उत्पादन और लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा था। बढ़ती लागत और कम उपज के कारण आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार नहीं हो पा रहा था।

वर्ष 2024-25 में उन्होंने कृषि विभाग से संपर्क कर प्रशिक्षण एवं कृषक भ्रमण कार्यक्रमों में भाग लिया। यहां उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, संतुलित उर्वरक प्रबंधन एवं कीट नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी प्राप्त हुई। इससे प्रेरित होकर उन्होंने अपनी खेती में बदलाव लाने का निर्णय लिया।

कृषि विभाग की रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत उन्होंने खरीफ मौसम में 1 हेक्टेयर क्षेत्र में उड़द फसल प्रदर्शन तथा रबी मौसम में 1 हेक्टेयर क्षेत्र में चना फसल प्रदर्शन किया। विभाग द्वारा उन्हें बीज एवं दवाइयों सहित आवश्यक आदान सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा समय-समय पर प्रशिक्षण देकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वैज्ञानिक पद्धति अपनाने से उनकी फसल का उत्पादन पहले की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा। कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ से खेती लाभकारी बनी है। वे अन्य किसानों से भी अपील करते हैं कि वे विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक तकनीकों को अपनाएं और अपनी आय में वृद्धि करें।

# गर्मी की तैयारी सहित अन्य विषयों को लेकर हुई टीएल बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



कलेक्टोरेट में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जनगणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया साथ ही शासन की प्राथमिकता वाले विषयों पर गंभीरता से चर्चा की।

जनगणना को शासन की महत्वपूर्ण व व्यापक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्रत्येक परिवार और व्यक्ति की सही व अद्यतन जानकारी संकलित की जाएगी, जो भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में आधार का कार्य करती है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और मैदानी अमले को समय पूर्व प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के लिए प्रगणकों के रूप में यथासंभव केवल प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को ही नियोजित किया जाए। उच्च व उच्चतर माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शासन की अनुमति के बिना नियोजित न किया जाए। साथ ही प्रथम चरण में नियोजित प्रगणकों को ही द्वितीय चरण में भी प्राथमिकता से नियोजित किया जाए जिससे कार्य में निरंतरता व गुणवत्ता बनी रहे।

#### बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर सख्ती

कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर सख्ती से रोक लगाने तथा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के अलावा वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने कहा। वही पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने हितग्राही मूलक सभी कार्य 31 मार्च 26 तक पूरा करने कहा। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने सभी अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समन्वय स्थापित कर कार्य करने, समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन राज, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

बैठक में मुख्य सचिव द्वारा पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने आधार आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस और ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया और कहा कि अधिकारी सोमवार से बुधवार को कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित रहे। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पीएचई को पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हीट वेव की संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी रखने, जनजागरूकता अभियान चलाने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने कहा। बैठक में चावल उत्सव की प्रगति, धान उठाव की स्थिति, खाद-बीज के भंडारण की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग को किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने जिलों में उपलब्ध आवंटन के विरुद्ध लंबित भुगतान संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण मार्च 26 से पूर्व अनिवार्य रूप से करने कहा। छात्राओं की सुविधा व स्वच्छता की दृष्टि से शालाओं में बालिका शौचालय की उपलब्धता 8 मार्च 26 तक सुनिश्चित करने, पीएम श्री स्कूल के अंतर्गत नामांकित प्रभारी अधिकारियों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार स्कूलों का निरीक्षण करने, चेकलिस्ट अनुरूप सभी कार्य समय-सीमा में संपन्न कराने कहा। साथ ही शिक्षा विभाग को गणवेश, पुस्तक वितरण अनुरूप समय-सीमा में पूरा करने कहा।

### इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कार्यशाला का समापन

# अभिव्यक्ति कौशल विषय पर साहित्यिक शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इन्दिरा कला संगीत विवि के हिंदी विभाग द्वारा ब्लाक के केशला में लोक जागरण और अभिव्यक्ति कौशल विषय पर एक दिवसीय साहित्यिक शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो डॉ राजन यादव की अध्यक्षता मे आयोजित शिविर मे विषय विशेषज्ञ के रूप में समाजसेवी अशोक ओसवाल उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.देवमाईत मिंज, सरपंच कोमल शिवारे, उपसरपंच शिवांश सिंह व पूमाशा प्रपा श्रीकुमार वर्मा उपस्थित थे। कुलपति ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अत्यंत समृद्ध बताया और पूर्व मे हुए ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की जानकारी देते हुए बच्चों को विवि में आगामी समय में होने वाले कार्यशाला में शामिल होकर संगीत कला की शिक्षा लेने कहा। विषय विशेषज्ञ अशोक ओसवाल ने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील करते हुए गांव के छात्र छात्राओं को संगीत कला की शिक्षा लेने प्रेरित किया। प्रो. राजन यादव ने बताया कि क्षेत्र के 200 से अधिक गांवों में से केशला का चयन साहित्यिक शिविर के लिए किया गया है। उन्होने शिविर का लाभ लेने और बच्चों को संगीत कला की शिक्षा लेने विवि में प्रवेश दिलाने कहा। हिंदी व लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना, नाचा, गेड़ी, राऊत नाच, जस जंवारा व फाग गीत की प्रस्तुति दी गई।

#### जागरूकता के लिए घर-घर किया सर्वे

ग्रामीणों में जागरूकता लाने शिविरार्थियों ने घर घर जाकर सर्वे किया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे है कि नहीं इसकी जानकारी लेने के अलावा विवि के पाठ्यक्रम से अवगत कराया ताकि विद्यार्थी प्रवेश लेकर संगीत व कला की शिक्षा ले सके। सर्वे दौरान मूलभूत समस्याओं की जानकारी मिलने पर समाधान को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों साथ चर्चा की गई। संचालन छात्र समीर चंद साहू ने और आभार डॉ.देवमाईत मिंज ने व्यक्त किया। इस दौरान जिपं पूर्व सदस्य टीकम वर्मा, जनपद सदस्य लक्ष्मी वर्मा, बाबूलाल गौटिया, पूरनलाल गौटिया, सचिव दीनबंधु साहू, जगत राम दिवान, अश्वन वर्मा, जीपी वर्मा, वायके मंडावी, केआर वर्मा, डॉ नंदलाल वर्मा, राजेंद्र वर्मा, धनराज वर्मा, गंगाराम वर्मा, सूरज वर्मा, ओमकार वर्मा, राधेश्याम रजक, चित्रांगन वर्मा, मुन्ना वर्मा, टाकेश वर्मा सहित विवि के अतिथि व्याख्याता डॉ कुमुद मिश्र, हिंदी साहित्य परिषद अध्यक्ष दीपांशी मेश्राम, सचिव समीरचंद साहू, एकलव्य भारती, इंदु यादव, मानसी रजक, शोधार्थी रामेश्वरी व कृष्णा नेताम सहित अन्य मौजूद थे।

# पुरालिपि और पुरालेख अध्ययन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



पुरालिपि और पुरालेख अध्ययन विषय पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्राचीन अभिलेख विद्या को लेकर आयोजित विशेष कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा ने कार्यशाला को विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रेरक बताते हुए विषय विशेषज्ञ डॉ रविशंकर की सराहना कर भविष्य में भी ऐसे विद्वानों को विवि में आमंत्रित करने कहा। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो डॉ राजन यादव ने आचार्य दंडी के एक श्लोक का पाठ करते हुए कहा कि शब्द सूर्य के समान प्रकाशमान शक्ति है, जो समस्त विश्व को आलोकित करती है। उन्होंने कहा कि अभिलेख विद्या ऐसी विधा है जिसे असत्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। आक्रमणकारियों के प्रयासों के बावजूद हमारा गौरवशाली इतिहास अक्षुण्ण बना हुआ है। विद्यार्थियों को इतिहास अध्ययन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह करते हुए उन्होंने वक्तव्य का समापन गति ही जीवन है के संदेश साथ किया। विषय विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर ने कहा कि यह कार्यशाला को सभी ने उत्सव के रूप में मनाया। विवि परिसर की शांत सुंदर वातावरण की सराहना कर अपने प्रवास को सुखद बताया और कहा कि कार्यशाला में सीखी हुई विद्या का निरंतर अभ्यास करें और इस अमूल्य कला को कभी न छोड़ें।

#### विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता

कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने विषय विशेषज्ञ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मैसूर के पूर्व निदेशक डॉ टीएस रविशंकर की तुलना प्राचीन ऋषि से करते हुए कहा कि उन्होने अभिलेख विद्या को शोध-प्रविधि से जोडक़र उसकी शैक्षणिक महत्ता स्पष्ट कर दी है। संयोजक डॉ आशुतोष चौरे ने कहा कि प्रारंभ में उन्हें संदेह था कि कार्यशाला को अपेक्षित प्रतिसाद मिलेगा या नहीं किंतु विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने इसे अत्यंत सफल बना दिया। उन्होंने कहा कि डॉ रविशंकर ने एक ऐसी खिडक़ी खोली जिसके माध्यम से सभी को अपने गौरवशाली इतिहास की झलक देखने का अवसर मिला। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर कार्यशाला का औपचारिक समापन किया गया।

# अंचल में होली की धूम, बाजारों में रौनक, हर्बल गुलाल की मांग बढ़ी

## 2 मार्च को होलिका दहन, 4 मार्च को रंगों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

होली का पर्व नजदीक आते ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में उत्साह का माहौल बन गया है। बाजार रंगों से सजे हुए हैं और हर तरफ त्योहार की तैयारी दिखाई दे रही है। दुकानों पर गुलाल, अबीर, पिचकारी, मुखौटे, रंगीन गुब्बारे और सजावटी सामग्री की भरपूर उपलब्धता है। इस वर्ष खासतौर पर हर्बल और प्राकृतिक गुलाल की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।

धार्मिक परंपरा के अनुसार इस वर्ष 2 मार्च को विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में लकड़ियों का संग्रह कर चौराहों पर होलिका सजाई जा रही है। वहीं 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के चलते, 4 मार्च को रंगों का मुख्य पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देंगे और घर-घर जाकर त्योहार की बधाई देंगे। बच्चे नई पिचकारियों और रंगों की खरीदारी को लेकर उत्साहित हैं। ग्रामीण अंचलों में सामूहिक होलिका दहन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।



### बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। रंग-बिरंगी पिचकारियां, आकर्षक टोपी और विभिन्न रंगों के गुलाल ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार इस बार बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी की उम्मीद है। लोग केमिकल युक्त रंगों से दूरी बनाकर सुरक्षित और त्वचा के अनुकूल उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। स्थानीय व्यापारी हरीश जनरल स्टोर के संचालक हरीश निषाद ने बताया कि ग्राहकों की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए इस बार हर्बल गुलाल और प्राकृतिक रंगों का पर्याप्त स्टॉक रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ने से ऐसे उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है, उन्होंने बताया कि इस बार बच्चों को लुभाने वाली कार्टून स्प्रेयर पिचकारी, पुष्पा फेम कुल्हाड़ी वाली पिचकारी, लाइट म्यूजिक वाली पिचकारी तथा कई तरह की वैरायटी की पिचकारी दुकान में उपलब्ध है, अब मिट्टी के नंगाड़े की जगह तासा बाजा का चलन बढ़ गया है, इसके अलावा होली वाली की मांग बनी हुई है।

### प्रशासन सतर्क, शांति व्यवस्था पर विशेष ध्यान

शांति समिति के द्वारा होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण, आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई है। साथ ही स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। रंगों का यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। अंचल में दिखाई दे रही तैयारियां इस बात का संकेत हैं कि इस वर्ष भी होली पूरे उल्लास, उमंग और सौहार्द के साथ मनाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मसाला व्यापारी से 1.70 लाख रुपए की लूट

**भिलाई।** दो नकाबपोश युवकों ने व्यापारी से नगदी रकम लूटने का मामला सामने आया है। घटना भठ्ठी थाना क्षेत्र का है।पुलिस ने बताया कि 22 फरवरी की रात कैम्प 2 भिलाई निवासी मसाला व्यापारी महादेव बाघमारे ने 1.70 लाख रुपए नगदी लूटा गया। महादेव सब्जी व्यापारी मरोदा के बाजार में दुकान लगाता है। रोज की भांति घटना की रात भी बाजार के बाद घर लौट रहा था। इस दौरान पावर हाउस ब्रिज के ऊपर दो नकाबपोशों ने चलती वाहन से पैसों से भरा बैग उठा लिया। रविवार को अपनी मोपेड से पीड़ित बाजार बाद घर जा रहा था। तभी बैग में 1.70 लाख हजार रुपए नगदी था। रात करीब 10.40 बजे पावर हाउस ओवरब्रिज के ऊपर सेक्टर की तरफ में पहुंचने पर दो युवकों ने काले रंग की बाइक से पहुंचे। पीड़ित के वाहन में रखे रकम के थैले को चलती वाहन से लूटकर फरार हो गए। शिकायत करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की जांच शुरु की। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला।

### कुल्हाड़ी से हमला करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** विवाद कर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि आजाद चौक बोरसी में मोहन बंजारे पर आरोपी लक्ष्मण साहू ने कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। शिकायत के बाद आरोपी लक्ष्मण साहू को पुलिस ने पकड़ा है।

### कुम्हारी लूटपाट मामले में दो गिरफ्तार

**भिलाई-कुम्हारी।** जिले में दो लूट की घटनाएं और सामने आया है। पद्माभपुर दुर्ग का है। यहां एक महिला के गले से सोने के चेन पार किया गया। कुम्हारी थाना अंतर्गत क्षेत्र जहां पर तीन युवकों ने व्यक्ति से उसके भेड़ और पांच हजार रुपए नगदी की लूट कर ली। कुम्हारी पुलिस ने दो युवकों को पकड़ लिया। अहिवारा निवासी मो, अशरफ उर्फ सुल्तान कुरैशी ग्राम अकोला कपासबाड़ी से भेड खरीदकर बाइक से घर लौट रहा था। तभी केड़िया नाला कुम्हारी के पास स्कूटी सवार तीन युवकों पीछा कर नगदी 5 हजार लूटकर फरार हो गए । शिकायत के बाद पुलिस जांच में लिया।

## निधन

### दशरथ साहू

**बालोद।** नगर निवासी दशरथ साहू का निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गायत्री परिवार के कोषाध्यक्ष टीआर साहू के ससुर तथा शांति साहू के पिता थे।



## आयोजन : भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और इतिहास से जोड़ने की पहल

# टटेंगा विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2026 संपन्न, 57 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

अखिल भारतीय गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2026 का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टटेंगा में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, इतिहास एवं आध्यात्मिक ज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।

विद्यालय के प्राचार्य आर. के. देवांगन के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा युवाओं को अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने और उन्हें संस्कारवान नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक ने अपने संबोधन में कहा कि यह परीक्षा विद्यार्थियों को भारतीय जीवन मूल्यों एवं महान परंपराओं से परिचित कराती है, जिससे उनमें नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। परीक्षा प्रभारी हर्षा देवांगन ने जानकारी दी कि इस वर्ष कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की। इनमें कक्षा नवमी के छात्र प्रियांशु ने विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। अखिल भारतीय गायत्री शक्तिपीठ की ओर से परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र प्रियांशु को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



यह उपलब्धि विद्यालय एवं उनके अभिभावकों के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर टी. एल. देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, अजय पाठक, भागवत साहू, रीना बोरकर, वेद साहू, महेश राउटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, सी. सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम एवं कुंदन यादव सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## कहुआ और जलाऊ लकड़ी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, चार वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज:दुर्ग

जिले में लंबे समय से जलाऊ और कहुआ की लकड़ी की शिकायत मिल रही थी। इसे लेकर वन विभाग की टीम ने पिछले दो दिनों से अभियान चला रखा है। तस्करी करने वालों की जांच की जा रही है। इस मामले में चार वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई।

विन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर दुर्ग और भिलाई-3 क्षेत्र में टीम ने सुबह 3 बजे से 6 बजे तक विशेष गश्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध रूप से काष्ठ परिवहन करते हुए कुल चार वाहन पकड़े गए। वाहन सीजी-10सी 3389 में कहुआ मिश्रित जलाऊ लकड़ी, टाटा 1109 सीजी-08 एल 3736 में कहुआ मिश्रित जलाऊ लकड़ी, टाटा 1109 सीजी-04 जेसी 9290 में कहुआ मिश्रित गोला, टाटा 1109 सीजी-04 एमएफ 6945 में कहुआ मिश्रित जलाऊ लकड़ी जब्त की गई। वाहनों को जब्त कर पुलगांव एवं पाटन डिपो में लकड़ी जमा कराई गई है। आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने बताया कि वन संपदा की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध काष्ठ परिवहन एवं तस्करी के विरुद्ध सतत निगरानी, सघन गश्त एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## नवोदय विद्यालय बोरई में विद्यार्थियों से मारपीट करने वाले दो शिक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई में शिक्षकों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है।

घटना पुलगांव थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि नवोदय विद्यालय बोरई के छात्रों के के साथ मारपीट की गई है। उसमें एक कक्षा 10वीं और 12 वीं का छात्र है। पीड़ित के पिता डोमन देशलहरा के मुताबिक बेटे ने फोन पर बताया कि मोबाइल रखने की बात पर उसे और उसके अन्य साथियों को वाइस प्रिंसिपल के कमरे में शिक्षक पीयूष कुमार और पीटी शिक्षक रविशंकर मंडलोई ने बुलाकर जमकर पिटाई की है। आरोप है कि स्कूल के दोनों शिक्षकों ने मिलकर छात्रों की जमकर पिटाई से शरीर में अंदरुनी चोटें आई है। एक छात्र के प्राइवेट पार्ट पर टीचर ने लात मारी है। घटना 21 फरवरी शनिवार की है। पिटाई के बाद छत्रों ने घर में 22 फरवरी की रात फोन पर घटना की जानकारी दी। 21 फरवरी की सुबह





दोपहर को मोबाइल अपने पास रखने की बात को लेकर छात्र को प्राचार्य ऑफिस में मोबाइल जमा कराने को कहा गया। फिर वाइस प्रिंसिपल के कक्ष में बुलाकर लकड़ी डंडे, हाथ-मुक्के, लात से मारपीट की गई। पुलिस ने छात्रों से मारपीट करने वाले पोस्ट ग्रजुएट शिक्षक पीयूष कुमार और पीटी शिक्षक रविशंकर मंडलोई को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित छात्र के पिता ने शिक्षकों के खिलाफ थाने में शिकायत किया था। परिजनों का आरोप है कि पीटी टीचर रविशंकर मंडलोई ने जूता पहनकर छात्र के प्राइवेट पार्ट पर लात मारी। उसके बाद छात्र के प्राईवेट पार्ट और जांघ में सूजन, दर्द हो गया। 10 और अन्य छात्रों को पीटने का भी शिक्षकों पर आरोप लगा है।

## सिख धर्म के सिद्धांतों से प्रभावित होकर सात ने की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सिख यूथ सेवा समिति भिलाई ने मानव सेवा माधव सेवा अभियान के तहत सात लोगों की सिख पंथ में घर वापसी करवाई। कार्यक्रम सुपेला स्थित गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह शहीदा में हुआ। आयोजन की अगुवाई सिख यूथ सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल ने की। कार्यक्रम में विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार, जिन लोगों ने पूर्व में पारिवारिक परिस्थितियों या प्रलोभन के कारण धर्म परिवर्तन किया था, उन्होंने सिख धर्म के सिद्धांतों और सेवा भावना से प्रभावित होकर दोबारा सिख पंथ अपनाने का निर्णय लिया। गुरुद्वारा के पाठी सुरेंद्र सिंह दर्दी ने आनंद साहिब का पाठ किया। उसके बाद अरदास और मुखवाक लिया गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार सभी को सिरोपाव भेंट कर सम्मानित किया गया और औपचारिक रूप से घर वापसी करवाई गई। इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि जिन लोगों ने किसी कारणवश धर्म परिवर्तन किया है, उनकी परिस्थितियों को समझते हुए घर वापसी के लिए प्रयास जारी रहेंगे। साथ ही जरूरतमंद परिवारों को हर संभव सहयोग देने का भरोसा भी दिया गया।

## राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में योगदान देने वालों का सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी दुधली में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रोवर-रेंजरों एवं लीडरों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान नगर स्थित बी.आर.सी. हाल में आयोजित किया गया, जहाँ उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में प्रतिभागियों का अभिनंदन किया गया। रोवर-रेंजरों ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए जंबूरी के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके समर्पण और टीम भावना की सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य आयुक्त (रोवर) अशोक देशमुख, राज्य संगठन आयुक्त अमित कुमार क्षत्रिय, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पूनम साहू, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला सहायक आयुक्त हिमांशु मिश्रा तथा जिला सचिव के. एल. गजेंद्र के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ए. के. साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सभी रोवर-रेंजर एवं प्रभारीगणों ने एकजुट होकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जिसके परिणामस्वरूप जंबूरी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, लीडरों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विकास खण्ड सचिव एवं जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा ने डौंडीलोहारा विकास खण्ड की सक्रिय सहभागिता एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी।



**इनकी रही उपस्थिति :** इस अवसर पर विकास खण्ड डौंडीलोहारा से वरिष्ठ स्काउटर रोहित देशमुख, दुष्यन्त कोलियारे, परमानंद साहू, भागवत साहू, रामनारायण राणा, बेनी राम साहू, पीलू साहू, हेमंत साहू, प्रीत राम, केवल सिंह नुरेटी, प्रेमनारायण नायक, कैलाशनाथ साहू, गोपी किशन, गजेन्द्र खरे, हिरमन चौरके, हिमा देवहारी, नोम साहू, केशरीन बैग, रेखा ठाकुर, छाया नंदा, धनेश्वरी सोनवानी, रेणुका साहू, रंजना साहू, सालनी साहू एवं सोनाली बैनर्जी सहित अन्य रोवर-रेंजर, लीडरगण एवं सहयोगी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### ब्लास्ट फर्नेस कर्मियों की पत्नियों के लिए कार्यशाला

**भिलाई।** नागरिक सुरक्षा संगठन छग औरज्ञानार्जन एवं विकास विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा ब्लास्ट फर्नेस के कर्मियों की पत्नियों के लिए विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के लघु सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कुल 22 महिलाओं ने सहभागिता की।

## पेज 9 के शेष

### आत्महत्या का मामला ...

आत्महत्या कर ली। परिजनों ने तीन पुलिस अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की थी। इसी मामले को विधायक संगीता सिन्हा ने शून्यकाल में उठाते हुए तीनो दोशी पुलिस कर्मीयो के खिलाफ अपराध कायम करते हुए अन्य जिम्मेदारो पर कार्यवाही की बात कही। संगीता सिन्हा ने बताया थाना मिर्रीटोला में इस प्रकार का यह पहला मामला नही है इसके पूर्व भी ग्राम कनेरी में इसी तरह के मामले में पुलिस वालो ने 90,000 रूपये की वसूली कर ली थी। जिसे हस्तक्षेप के बाद पुलिस कर्मीयो ने पीड़ितो को वापस लौटाया था। संगीता सिन्हा ने कहा थाना क्षेत्र में लंबे समय से गरीब लोगों पर दबाव बनाकर धन उगाही की शिकायतें सामने आती रही हैं।

### बोर्ड परीक्षा के दौरान ...

रिजल्ट खराब होने की स्थिति में इसकी भरपाई करेगी, जबकि पहले ही शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में नही लगाने की मांग की गई थी।

### प्रदेश के सर्वांगीण विकास ...

थीम पर आधारित है। संकल्प यह दर्शाता है कि सरकार केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संकल्पित है। उन्होने कहा पहले बजट में ज्ञान के उत्थान की आधारशिला रखी गई, वहीं दूसरा बजट गति की रणनीति से प्रदेश के समग्र विकास को तीव्र करने वाला था। यह बजट छत्तीसगढ़ को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने का संकल्प है। बजट विकसित छत्तीसगढ़ के विजन डॉक्यूमेंट छत्तीसगढ़ अंजर 2047 के लक्ष्य की पूर्ति एवं राज्य की सतत विकास यात्र में उठाया गया एक कदम है। उन्होने कहा कृषि उन्नत योजना के अंतर्गत 10000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे कृषक मजबूत होंगे। छत्तीसगढ़ में विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए बजट में पांच मुख्यमंत्री मिशन का प्रावधान किया गया है, नई दिशा, नई धार, नई रफ्तार, जिसके माध्यम से चिन्हांकित क्षेत्र में मिशन मोड में कार्य किया जाएगा, यह मिशन जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान और संवर्धन के उद्देश्य से बनाया गया है। मिशन के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण ,प्रोत्साहन, आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित करना और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए तैयार करना है, महिला खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। **जनकल्याण के संकल्प का बजट :** यह बजट समावेशी विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला होगा। यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ किसानों, महिलाओं तथा युवाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह बजट राज्य का भविष्य निर्धारित करने वाला बजट साबित होगा। आम बजट सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय वाला सभी वर्गों को प्राथमिकता देने वाला जनकल्याणकारी बजट है, यह बजट आने वाले समय मे छग के समृद्धि और विकास में एक नया सोपान तय करेगा बस्तर से सरगुजा तक विकास को नई दिशा मिलेगी। यह बजट सर्वस्पर्शी है जो समाज के सभी वर्गों महिला, किसान, युवा ,उद्यमी और महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### ज्ञान और गति ...

वंदन योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन, लखपति दीदी योजना को नई गति और रानी दुर्गावती योजना के तहत बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने पर 1.50 लाख रुपये प्रदान करने का प्रावधान सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देता है। सड़क, बिजली और ग्रामीण विकास के लिए बड़े पैमाने पर आवंटन से सुदूर वनांचल क्षेत्रों तक विकास की रोशनी पहुंचेगी। विशेषकर बस्तर और सरगुजा में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए किए गए प्रावधानों पर उन्होंने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

**विकसित प्रदेश का मजबूत आधार : देवेन्द्र :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी है और सभी वर्गों के विकास का मजबूत आधार प्रस्तुत करता है। उन्होंने 1.72 लाख करोड़ रुपये के प्रावधान को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि बस्तर और सरगुजा जैसे पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष फोकस विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में अनिवार्य कदम है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, अधोसंरचना और निवेश पर विशेष बल दिया गया है। मुख्यमंत्री एआई मिशन, खेल उत्कर्ष, पर्यटन विकास, अधोसंरचना विस्तार, स्टार्टअप प्रोत्साहन और एनआईपीयूएन जैसी पहलों से राज्य की विकास यात्रा को नई गति मिलेगी। देवेन्द्र जायसवाल ने विशेष रूप से बालोद जिले को स्टेडियम, सड़क और साइबर थाना जैसी सौगात मिलने को सराहनीय बताया और कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि हर छत्तीसगढ़िया के स्वाभिमान, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का संकल्प है। समग्र रूप से, दोनों नेताओं ने बजट को जनकल्याण, आत्मनिर्भरता और अंत्योदय के सिद्धांतों को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं भविष्य निर्माणकारी बताया।

### राइस मिल से एक ...

नहीं मिली, इस बीच बीती रात पुनः चोर मां अन्नपूर्णा राइस मिल में धान चोरी करने पहुंचे और इस बार एक मोटरसाइकिल व एक स्कूटी मिल में काम करने वाले मजदूरों के द्वारा पकड़ लिया गया।

### एसडीएम की अध्यक्षता ....

से खड़ी बसों को हटवाते हुए उनके मालिकों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। बस स्टैण्ड में ट्रकों को भी खडे होने से रोका जावे। एसडीएम कंवर ने कहा कि बालोद नगर को अतिक्रमण मुक्त एवं सुंदर बनाना है, जिसमें हम सभी को अपनी भागीदारी निभानी होगी।

### कायाकल्प 2024 में डुंडेरा ...

चिकित्सा की आधारभूत सुविधाएं। स्वस्थ जीवनशैली के लिए नियमित योग अभ्यास और परामर्श। रोगियों के मानसिक सुकून के लिए औषधालय परिसर में गार्डन और उच्च स्तर की साफ-सफाई। मरीजों के उपचार का व्यवस्थित और आधुनिक स्वास्थ्य प्रबंधन सहित अन्य सुविधाओं ने डुंडेरा औषधालय को यह उपलब्धि हासिल करने में मदद की है।

## शास्त्री हॉस्पिटल से हटाया गया टायर पंचर व 500 रुपए जुर्माना वाला नोटिस

**भिलाई।** सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पार्किंग को लेकर जारी विवादित नोटिस आखिरकार हटा दिया गया है। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने कार्रवाई करते हुए उस नोटिस को हटवा दिया, जिसमें डॉक्टरों के लिए आरक्षित पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर टायर पंचर करने और 500 रुपए जुर्माना वसूलने की चेतावनी दी गई थी। उल्लेखनीय है कि अस्पताल परिसर में लगाए गए नोटिस में स्पष्ट लिखा गया था कि संबंधित पार्किंग स्थल केवल डॉक्टरों के लिए आरक्षित है। किसी भी अनधिकृत वाहन के खड़े होने पर उसके टायर पंचर कर दिए जाएंगे और 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। यह नोटिस पिछले कुछ दिनों से नशा मुक्ति केंद्र के पास स्थित पार्किंग स्थल पर चस्पा था। मुख्य द्वार के सामने स्थित पार्किंग अक्सर भर जाने के कारण मरीज और उनके परिजन इसी हिस्से में वाहन खड़े करते थे। मरच्युरी आने वाले लोग भी इसी स्थान का उपयोग करते हैं।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

